रविवार • 15.03.2020

अमर उजाला

एक्वा लाइन मेट्रो में हाई अलर्ट

स्टेशनों और कोचों को किया जा रहा सैनिटाइज

नोएडा। कोरोना के कहर के बचने के लिए एक्वा लाइन मेट्रो हाई अलर्ट पर है। कोचों और स्टेशनों पर केमिकल स्प्रे से सफाई कराई जा रही है। वायरस के फैलने की आशंका के बीच सार्वजनिक परिवहन के साधनों पर विशेष ध्यान देने को कहा गया है। ऐसे में एक्वा लाइन मेट्रो में भी काफी एहतियात बरती जा रही है। शनिवार को सेक्टर-50 मेट्रो स्टेशन को सैनिटाइज किया गया। इसके अंतर्गत ऐसे सभी स्थानों की सफाई केमिकल और डिसइंफेक्टेंट से सफाई कराई गई, जहां लोगों के हाथ से छूने की संभावना है। इसमें ऑटोमेटिक फेयर कलेक्शन गेट, शीशे के गेट, एस्केलेटर का हैंडल, रेलिंग, टिकट काउंटर, मेट्रो कोच के सीट, हैंडल और ऐसे स्थान जहां से यात्रियों के हाथ का संपर्क होता है। इन सभी की सफाई कराई गई। पहले और आखिरी स्टेशन पर कोचों की लगातार सफाई कराई जा रहीं है। वहीं स्टेशनों की सफाई बढ़ा दी गई है। मेट्रो की प्रवक्ता संध्या शर्मा ने बताया कि हर घंटे स्टेशन की सफाई कराई जा रही है। ब्यूरो

केमिकल स्प्रे से हर घंटे सफाई

जरूरत पड़ी तो यात्रियों की होगी मशीन से जांच

मेट्रो प्रवक्ता का कहना है कि अभी यात्रियों की मशीन से जांच नहीं कराई जा रही है, लेकिन अगर कोरोना का खतरा आगे और बढ़ता है तो उनकी मशीन से जांच की व्यवस्था भी कराई जाएगी। यह सब कुछ दूसरे यात्रियों की सुविधा के लिए किया जाएगा।

यात्री पहले से ही बरत रहे एहतियात

मेट्रो के अधिकांश यात्री पहले से ही एहतियात बरत रहे हैं। इसमें मास्क लगाने और सैनिटाइजर रखने जैसी सावधानी शामिल है। मेट्रो कोच में यात्रा कर रहे मुकेश जैन ने बताया कि उन्होंने सावधानी बरतते हुए मास्क लगाया है और हर समय सैनिटाइजर से हाथ साफ करते हैं। दूसरे यात्रियों को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया जाना चाहिए। हालांकि, मेट्रो प्रबंधन की ओर से स्टेशन और प्लेटफॉर्म पर जगह-जगह नोटिस के माध्यम से कोरोना के बचाव के बाबत नोटिस लगाया गया है।

नोएडा सेक्टर-50 स्थित एनएमआरसी मेट्रो स्टेशन पर मेट्रो को सैनिटाइज करते कर्मचारी।

Scanned with CamScanner